an>

Title: Need to increase wages of cooks under mid day meal scheme in Hardoi, Uttar Pradesh.

**डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) :** आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री जी के संज्ञान में एक बात लाना चाहता हूं। ...(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र और उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी प्राथमिक विद्यालयों और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सरकारी महत्वाकांक्षी योजना "मिड डे मील" बच्चों के भोजन बनाने के लिए माताओं-बहनों को रसोईए के रूप में 1000 रुपये प्रतिमाह मानदेय पर 11 महीने पर रखा गया है। ...(व्यवधान)

महोदया, 11 महीने का कार्य लेने के बाद 10 महीने का भुगतान प्रधानाध्यापक और प्रधान द्वारा किया जाता है। ...(व्यवधान) कहीं-कहीं तो राजनैतिक द्वष्ोÂा भावना से प्रधानों द्वारा कई कई महीनों तक रसोई बहनों को मानदेय नहीं दिया जाता है। ...(व्यवधान) हरदोई जनपद आदर्श कल्याण रसोईया समिति के पदाधिकारियों द्वारा माननीय मंत्री जी को ज्ञापन दिया गया था और प्रदेश व देश स्तर पर रसोई बहनों द्वारा धरना देकर इससे अवगत कराया जा चुका है। रसोई बहनों के लिए मैं मंत्री जी से मांग करता हूं कि रसोइया बहनों को 11 महीने का मानदेय दिया जाए और पैसा सीधे बैंक खाते में भेजा जाए। ...(व्यवधान) प्रतिवÂर्ष फार्म आवेदन के स्थान पर कार्य के आधार पर नवीनीकरण किया जाए। अभी इनको प्रतिदिन की दर से 33 रुपये ही मानदेय मिलता है जो दैनिक मजदूरी से काफी कम है ...(व्यवधान) ऐसी स्थिति में प्रत्येक रसोइया बहनों को बीपीएल सूची में जोड़ कर बीपीएल का लाभ दिया जाए। आपके माध्यम से मेरी मंत्री जी से यही मांग है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री अश्विनी चौबे, श्री कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, और श्री अजय मिश्रा टेनी श्री नाना पटोले को डॉ. अंशुल वर्मा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।